आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.12.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

उद्घाटन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज राजधानी शिमला के समीप टुटू में चार करोड़ अस्सी लाख रूपए की लागत से बनी सब्जी मंडी का उद्घाटन करेंगे। इस मंडी से लगभग 12 पंचायतों के लोग लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री हीरानगर में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष गृह का उद्घाटन भी करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंडे मीटिंग भी करेंगे। इस दौरान अधिकारी विभिन्न विकास कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और बैठक में आगामी रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुए हिमपात के बाद पूरा प्रदेश ठंड की चपेट में आ गया है। जनजातीय जिला किन्नौर के छितकुल में लगभग आधा फुट जबकि कल्पा में दो इंच हिमपात हुआ है। कुल्लू जिले की उंची चोटियों सहित पर्यटन स्थल मनाली, मढ़ी, सोलंगनाला, अटल टनल, गुलाबा व जलोड़ी जोत में भी बर्फबारी हुई है। अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल सहित लाहौल घाटी में हो रही बर्फबारी के चलते पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है। प्रशासन ने सैलानियों और स्थानीय लोगों को सुरक्षित होकर यात्रा करने की सलाह दी है। इधर, शिमला ज़िले के पर्यटन स्थल कुफरी और नारकंडा सहित चौपाल क्षेत्र में भी बर्फबारी हुई है। जिले के उपरी इलाकों में यातायात ठप है और कुफरी, फागू, ठियोग, नारकंडा, चौपाल व खड़ापत्थर सड़क यातायात के लिए फिलहाल बाधित है। लोक निर्माण विभाग द्वारा यातायात बहाल करने के लिए सड़कों में रेत बिछाने का काम किया जा रहा है। चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र किलाड़ में भी लगभग तीन इंच ताजा हिमपात हुआ है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टों में लाहौल–स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला और कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है जबकि कल से मौसम आमतौर पर साफ रहेगा।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आज बिलासपुर में 11 दिसंबर को होने वाले प्रदेश सरकार के दो साल के जश्न की तैयारियों का जायज़ा लेंगे। इस दौरान वे समारोह के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने इस समारोह की तैयारियों की जिम्मेवारी जगत सिंह नेगी को सौंपी है।

राजीव भारद्वाज

लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज ने प्रदेश सरकार पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के निर्माण के मामले का लटकाने का आरोप लगाया है। चंबा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 2 सौ 50 करोड़ रूपए का बजट स्वीकृत किया है लेकिन प्रदेश

सरकार द्वारा पेड़ों की कटाई व अन्य कार्यों के लिए 30 करोड़ रूपए जमा नहीं करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे जल्द इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से .........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने बर्फबारी से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है शिमला, किलाड़, कमरूनाथ, चूड़धार में सीजन की पहली बर्फबारी, नड्डी व कसौली में गिरे फाहे। पंजाब केसरी का शीर्षक है शिमला, कुल्लू व सिरमौर सहित 8 जिलों में हिमपात, शीतलहर की चपेट में हिमाचल। दैनिक भास्कर के शब्द हैं प्रदेश में 71 दिन के ड्राई स्पैल के बाद शिमला समेत 7 जिलों में सीजन की पहली बर्फबारी।

हिमाचल में पांच एनएच का जल्द होगा विस्तार शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिख्ता है केंद्र सरकार ने दी मंजूरी, 38 करोड़ रूपए से बनेगी डीपीआर।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है अब बीजेपी के 171 हुए संगठनात्मक मंडल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की आधिकारिक घोषणा। दैनिक जागरण का कहना है प्रदेश में भाजपा के अब 171 संगठनात्मक मंडल, 97 नए बने।

पंजाब केसरी की एक सुर्खी है सीएम सुक्खू आज प्रशासनिक अधिकारियों के साथ करेंगे मंडे मीटिंग।